भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 408

15 सितम्बर, 2020 को उत्तरार्थ

विषय: पी.एम. किसान योजना के अंतर्गत किस्तों का भुगतान

408. श्रीमती प्रमिला बिसाईः

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अप्रैल से अगस्त, 2020 के दौरान पीएम-किसान योजना के अंतर्गत हस्तांतरित धनराशि और लाभान्वित किसानों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार वित्त वर्ष 2020-21 के लिए पीएम-किसान योजना की शेष किस्तों के अग्रिम भुगतान पर विचार करेगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या प्रति लाभार्थी प्रतिवर्ष 12000 रुपये की राशि तक बढ़ाने की कोई योजना है और इसे वर्तमान वित्तीय वर्ष में कार्यान्वित करने की योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेंद्र सिंह तोमर)

(क): अप्रैल-अगस्त, 2020 अवधि के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत विभिन्न लाभार्थियों को लगभग 38,282 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की गई है। पीएम-किसान स्कीम के तहत लगभग 9.24 करोड़ किसान परिवार लाभान्वित हुए हैं। स्कीम के तहत लाभान्वित किसानों की संख्या का विवरण **अनुबंध- I** पर है।

(ख): जी नहीं। वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए पीएम-किसान की शेष किस्तों के अग्रिम भुगतान का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग): जी नहीं। ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

अनुबंध-I

(01-04-2020 से 31-08-2020) अवधि के दौरान पीएम-किसान योजना के तहत लाभार्थियों की संख्या की राज्यवार सूची

राज्य का नाम	लाभार्थियों की कुल संख्या
अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	16208
आंध्र प्रदेश	4765322
अरुणाचल प्रदेश	89837
असम	923991
बिहार	7102619
चंडीगढ़	430
छत्तीसगढ	2501579
दिल्ली	13284
गोवा	8338
गुजरात	5429339
हरियाणा	1691448
हिमाचल प्रदेश	892963
जम्मू और कश्मीर	1020086
झारखंड	1538058
कर्नाटक	5115079
केरल	3145316
लद्दाख	14128
लक्षद्वीप	1791
मध्य प्रदेश	7561062
महाराष्ट्र	9833997
मणिपुर	402978
मेघालय	163964
मिजोरम	96949
नागालैंड	191764
ओडिशा	2130346
पुडुचेरी	10514
पंजाब	1900520
राजस्थान	5755236
सिक्किम	6035
तमिलनाडु	4443355
तेलंगाना	3479796
दादर और नगर हवेली तथा दमन और दीव	5284
त्रिपुरा	199843
उत्तर प्रदेश	21219718
उत्तराखंड	775908
कुल	**92447085**

****